**NEWS CLIPPING: 13.06.2021**

**THE IMPRESSIVE TIMES**

# J.C. BOSE UNIVERSITY ORGANISES TWO-DAY WORKSHOP ON PHOTOGRAPHY



**Faridabad (TIT NEWS):** The Department of Communication and Media Technology of J.C. Bose University, YMCA, Faridabad organized a two-day online workshop on Photography. During the workshop, professional photographer Nitin Arora shared his experience and knowledge in the field of photography with the students. The initial topics of discussion were related to the technical aspects of photography such as Exposure, Aperture, Shutter Speed and ISO. Mr. Arora shared his portfolio with the students and apprised how every photographer developed their unique style of capturing images. "Iconic images are those in which everything comes together", he said, while discussing with the students what makes a photo special. He also said that even if everything is perfect in regards to the technical aspects such as lighting and composition, timing is crucial while taking photographs for it can make or break them. Mr. Arora also encouraged the students to make themselves familiar with the basics of photography and then to practice constantly, as well as to master the "Art of Seeing Well", which means pulling together various elements in order to make a complete image. "It is the biggest challenge for anyone, whether it is a professional or an amateur", Mr. Arora said. The workshop concluded with a question-answer session was also conducted, in which Mr. Arora answered the students' queries regarding the field of photography and the various career opportunities related to it. The webinar was organized under the guidance of Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar and Registrar Dr. Sunil Kumar Garg, and supervision of Dean of Faculty of Liberal Art and Media Studies Prof. Atul Mishra. At the end, Associate Professor Pawan Singh Malik expressed his gratitude to all at the successful completion of workshop.

**NEWS CLIPPING: 13.06.2021**

## THE PIONEER

# प्रोफेशनल फोटोग्राफी पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## मीडिया के विद्यार्थियों ने सीखी फोटोग्राफी की बारीकियां

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रोफेशनल फोटोग्राफी पर दो दिवसीय आनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जाने-माने पेशेवर फोटोग्राफर नितिन अरोड़ा ने विद्यार्थियों को प्रोफेशनल फोटोग्राफी की बारीकियों से अवगत करवाया।

फोटोग्राफी संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कार्यशाला के मुख्य वक्ता नितिन अरोड़ा ने कहा कि फोटोग्राफी में दक्षता के लिए तकनीकी ज्ञान होना आवश्यक है। फोटोग्राफी की बारीकियां सीखने और उन्हें व्यवहारिकता में लाने से ही सफलता मिलेगी। निरंतर अभ्यास पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी के क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं, जिसके लिए निरंतर अभ्यास एवं संयम जरूरी है। सत्र के दौरान उन्होंने फोटोग्राफी की बुनियादी जानकारी दी, जिसमें कैमरा की स्पीड, अपर्चर और आईएसओ से संबंधित बातों के बारे में बताया। गया। वेबिनार के प्रश्नोत्तरी सत्र में मुख्य वक्ता ने विधार्थियों के प्रश्नों का उत्तर दिया।

वेबिनार का आयोजन फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा की देखरेख में किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने कार्यशाला की सफलता पर बधाई दी। समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के व्यवहारिक ज्ञान के लिए ऐसी कार्यशालाएं उपयोगी होती है। वेबिनार के समापन पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह मलिक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**NEWS CLIPPING: 13.06.2021**

## AMAR UJALA

# मीडिया के विद्यार्थियों ने सीखीं फोटोग्राफी की बारीकियां



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रोफेशनल फोटोग्राफी पर दो दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को फोटोग्राफी की बारीकियां सिखाई गईं। मुख्य वक्ता नितिन अरोड़ा ने बताया कि फोटोग्राफी में दक्षता के लिए तकनीकी ज्ञान होना आवश्यक है। इसकी बारीकियां सीखने व व्यवहारिकता में लाने से ही सफलता मिलेगी। इसमें कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। वहीं, इसके लिए निरंतर अभ्यास और संयम जरूरी है। सत्र के दौरान उन्होंने फोटोग्राफी की बुनियादी जानकारी दी। इसमें कैमरे की स्पीड, अपर्चर और आईएसओ से संबंधित बातों के बारे में बताया। वेबिनार का आयोजन फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा की देखरेख में किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 13.06.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# फोटोग्राफी के बारे में बताया

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के संचार व मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग की तरफ से प्रफेशनल फोटोग्राफी पर दो दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें फोटोग्राफर नितिन अरोड़ा ने छात्रों को प्रफेशनल फोटोग्राफी की बारीकियों से बारे में बताया। नितिन अरोड़ा ने कहा कि फोटोग्राफी में दक्षता के लिए तकनीकी ज्ञान होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी के क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं जिसके लिए निरंतर अभ्यास व संयम जरूरी है। सत्र के दौरान उन्होंने फोटोग्राफी की बुनियादी जानकारी दी, जिसमें कैमरा की स्पीड, अपर्चर व आईएसओ से संबंधित बातों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने छात्रों के सवालों के भी जवाब दिए। कार्यक्रम का आयोजन फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रोफेसर अतुल मिश्रा की देखरेख में किया गया। कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार व कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने कार्यशाला की सफलता पर बधाई दी।

**NEWS CLIPPING: 13.06.2021**

## DAINIK PATHAK PAKSH

# आगामी सत्र से सामाजिक कार्य में डिग्री पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है जे.सी. बोस विश्वविद्यालय

**पाठकपक्ष न्यूज**

चंडीगढ़, 13 जून (ब्यूरो चीफ): सामाजिक कल्याण क्षेत्र के लिए कुशल कार्यकर्ताओं की जरूरत को पूरा करने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आगामी शैक्षणिक सत्र से सामाजिक कार्य में स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप लिबरल आर्ट्स पाठ्यक्रमों पर विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा कि लिबरल आर्ट्स पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को जीवन के वास्तविक कौशल प्रदान करते है, जिसमें गहन सोच, संचार, समस्याओं के रचनात्मक समाधान, आत्म-अभिव्यक्ति, अभिनव अनुसंधान, और आजीवन सीखने जैसे कौशल शामिल है। यह छात्र के लिए एक अच्छे करियर के विकल्प प्रदान करता है। विश्वविद्यालय समय-समय पर विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकार की भावना को प्रेरित करने के लिए विभिन्न पहल करता रहा है और अब सामाजिक कार्य को लेकर पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वभर में विभिन्न प्रकार की विषम समस्याओं के समाधान में सामाजिक कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होती है, इसलिए इस क्षेत्र में करियर की प्रबल संभावनाएं है। लिबरल आर्ट्स एवं मीडिया स्टडीज संकाय के अंतर्गत विश्वविद्यालय पत्रकारिता एवं जनसंचार में बीए और एमए, अंग्रेजी में एमए और मल्टीमीडिया एवं एनिमेशन में बीएससी जैसे पाठ्यक्रम पहले से ही चला रहा है। लिबरल आर्ट्स एवं मीडिया स्टडीज संकाय के डीन प्रो. अतुल मिश्रा ने बताया कि सामाजिक कार्य में करियर का दायरा काफी विस्तृत है क्योंकि दुनिया भर में इस क्षेत्र में कुशल कार्यकर्ताओं की सख्त जरूरत है। फिर चाहे वह सरकारी क्षेत्र हो या निजी संगठन या गैर सरकारी संगठन। इन सभी क्षेत्रों में गरीबी, बाल शोषण, घरेलू हिंसा, मादक द्रव्यों के सेवन, बाल श्रम और कई अन्य समस्याओं जैसी स्थितियों से निपटने के लिए कुशल कार्यकर्ताओं की आवश्यकता होती है। इस प्रकार, सामाजिक कार्य में डिग्री रखने वाले स्नातकों के पास सामुदायिक विकास, शिक्षा, उद्योग, परामर्श, परिवार, पुनर्वास केंद्र, स्वास्थ्य देखभाल, महिलाओं, बच्चों, विकलांगता और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में रोजगार के कई अवसर होते हैं। नए पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रो. मिश्रा ने कहा कि सामाजिक कार्य में तीन वर्षीय स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम 45 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है। पाठ्यक्रम में बुनियादी विषयों के अलावा डेटा साइंस जैसी नवीनतम कंप्यूटिंग तकनीकों को शामिल किया गया है, जिसकी उपयोगिता निरंतर बढ़ रही है।